सार-समाचार

## शिविरों का कार्यक्रम जारी

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार "पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के अन्तर्गत घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने जाने के लिए नगर पालिका सागवाडा क्षेत्र में पीएम सूर्य घर (विद्युत) लाभार्थी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि 4 सितम्बर को वार्ड नंबर 1, 2, 3, 8, 9, 12, 13, 14, 15 एवं 35 का शिविर स्थल राजकीय वाडेल उच्च बालिका माध्यमिक विद्यालय सागवाडा में, 5 सितम्बर को वार्ड नंबर 4, 5, 6, 7, 10, 11, 19 एवं 24 का शिविर स्थल नर्सरी (सासरिया तालाब के पास) सागवाडा में, 11 सितम्बर को वार्ड नंबर 16, 17, 18, 2०, 21, 22, 23 एवं 34 का शिविर स्थल टाउन हॉल (मॉण्डवी चौक) सागवाडा में तथा 19 सितम्बर को वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28, 29, 3०, 31, 32 एवं 33 का शिविर स्थल पशु चिकित्सालय (सिंधी कॉलोनी) सागवाडा में आयोजित किए जाएंगे। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डूंगरपुर के अधीक्षण अभियंता शिविर में ऑपरेटर व आवेदन पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक डूंगरपुर योजना के बैंक ऋण से संबंधित जानकारी शिविर में उपस्थित आमजन को उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सागवाडा शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्था करेंगे। साथ ही दिनांकवार आयोजित शिविर के प्रचार-प्रसार करते हुए शिविर के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## सावन भादो उत्सव मनाया

**राजसमंद, (निसं)।** शहर के पुराना बस स्टैण्ड के पास बावडी वाले बालाजी मंदिर में शनिवार को बजरंग मित्र मण्डल के तत्वावधान में सावन-भादो महोत्सव विशेष सेवा, पूजा, महाआरती आदि अनुष्ठानों के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। जहां दर्शन के लिए भीड उमड पडी। शनिवार शाम को शुरू हुए महोत्सव अन्तर्गत निज मंदिर प्रांगण में निर्मित कुण्ड में पवित्र जल भरा गया। वहीं बालाजी महाराज को सुसज्जित नाव में विराजित किया गया। इसके साथ मनोरथ की सेवा शुरू हो गई एवं प्रभु नाव में सुशोभित होकर जल विहार करते रहे तथा मनोरथ से जुडी सेवा-पूजा का क्रम चलता रहा। जलकुण्ड के पास कदली खम्भ, फूल-पत्तियों, बांदनवार, पुष्पमालाओं आदि से सजे मण्डप में हिण्डोलना में भगवान विराजमान थे। जहां श्रद्धालु लगातार झूले की सेवा अर्पित कर रहे थे। मंदिर व मण्डप रंगीन रोशनी से लकदक था जिससे मनोहारी छटा बिखर ही थी। नाव में विराजित प्रभु पर फव्वारों से सुगन्धित जल का छिडकाव भी चल रहा था जिससे पूरा परिवेश महक रहा था। प्रभु का यह मनोरथ अनूठा था जो सभी का मन मोह रहा था। इधर मनोरथ शुरू होते ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था जो संध्या वेला से काफी बढ गया एवं दर्शन के लिए कतारें लगी रही। देर रात तक श्रद्धालुओं की खासी भीड लगी रही। धर्मप्रेमियों ने बालाजी की अनूठी छटा के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। इस दौरान कार्यक्रम संचालक जयंत पालीवाल व कैलाश पालीवाल के मार्गदर्शन में बजरंग मित्र मण्डल से जुडे कार्यकर्ता व अन्य धर्मप्रेमी दर्शन, प्रसाद वितरण आदि व्यवस्थाओं में जुटे रहे।

## मिठाई व बिस्किट वितरित किए

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत गुंजोल अन्तर्गत कुंचोली की अकेलई भील बस्ती में कानपुर निवासी समाजसेवी यशवीर सूर्यवंशी एवं स्मृति सूर्यवंशी के सहयोग से रविवार को सेवा कार्य करते हुए बच्चों व महिलाओं को मिठाई व बिस्किट वितरित किए गए। गौरतलब है कि समाजसेवी सूर्यवंशी की ओर से अपनी पुत्री गीतिका के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के उपलक्ष्य में बस्तीवासियों के साथ खुशी बांटने के लिए यह पहल की गई। इसके तहत आनंद मार्ग सेवादल सदस्य आनन्दमयी, अनुपम जया व दिव्या खिलनानी आदि बस्ती पहुंचे। जहां चौक में हुए कार्यक्रम में सभी बच्चों व महिलाओं को खाद्य सामग्री वितरण की गई। कार्यकर्ता का मुकेश साहू ने सामग्री वितरण में सहयोग रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों के चेहरे पर खुशी का भाव झलक रहा था। इस दौरान आनन्दमयी ने कहा कि हमें अपनी छोटी-छोटी खुशियां दीन-दुखी के साथ बांटनी चाहिए। हम बहुत कम समय के लिए धरती पर मानव जीवन के रूप में आए हैं। जिंदगी में हर व्यक्ति को छोटी-छोटी खुशियों की तलाश है। उन खुशियों को जब हम औरों के साथ बांटते है तो यही मनुष्य जीवन जीने के लिए सबसे उत्तम प्रयास है। जिससे हमारा मानव जीवन सार्थक होता है। उन्होंने लोगों को अपने आसपास रहने वाले निर्धन व असहाय लोगों की यथासम्भव मदद करने के लिए भी प्रेरित किया।

## महापर्व पोस्टर का किया विमोचन

**राजसमंद, (निसं)।** शहर में अहीर समाज की ओर से द्वारकाधीश कांकरोली मन्दिर में भव्य नन्दोत्सव कार्यक्रम को लेकर बैठक जेके सर्कल पर आयोजित हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि मंगलवार को 11 बजे विठ्ल विलास बाग से शोभायात्रा में झांकिया और समाज की 501 मातृ शक्ति दही-माखन की मटकियां लेकर गाजे -बाजे के रवाना होकर दोपहर 2:30 बजे द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली पहुंचेंगी। मंदिर परिसर में गायक कलाकार राधेश्याम वैष्णव के नंद उत्सव के बधाई गीत भजन होंगे। शोभायात्रा में समाज के लोग नंद बाबा, माता यशोदा, कृष्ण बाल गोपाल, बलराम, राधा गोपियां बनकर शोभा बढाएंगे। साथ ही समाज के लोग अपने -अपने घोडे से करतब दिखाएंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों ने प्रभु द्वारकाधीश को न्योता देकर युवराज वेदांत महाराज से पोस्टर विमोचन करवाया और शहर के कृष्ण भक्तों को कार्यक्रम में आने का न्योता दिया। इस दौरान लेहरूलाल अहीर, लोभचंद अहीर, रामचन्द्र यादव, लक्ष्मन अहीर, चतुर्भुज अहीर, दुर्गा प्रसाद यादव, मुकेश अहीर, कालू अहीर, विक्रम अहीर, महेन्द्र यादव, बंशी अहीर मौजूद थे।

# संतोषी माता मंदिर में हुई चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** कपासन पुलिस ने जन्माष्टमी की रात को संतोषी माता मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किए गए चांदी के तीन छतर, एक हार, एक मुकुट और एक सोने की नथ बरामद की है। आरोपी पूर्व में हत्या, चोरी, नकबजनी और मारपीट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और हत्या के मामले में वह एक महीने पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था।

एसएचओ रतन सिंह ने बताया- जन्माष्टमी की रात को बस स्टैंड के पास

■ एक महीने पहले ही जेल से जमानत पर आया था आरोपी

स्थित संतोषी माता मंदिर पर जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। रात 12:00 बजे महा आरती के बाद प्रसाद वितरित कर मंदिर को 1:30 बजे बंद कर दिया गया था। इसके बाद अज्ञात बदमाश ने मंदिर का ताला तोड़कर संतोषी माता की मूर्ति से चांदी के तीन छतर, एक हार, एक मुकुट और एक सोने की नथ चोरी कर ली। इस बारे में स्थानीय ब्रह्मपुरी निवासी प्रवीण पुत्र मांगीलाल बारेगामा ने 27 अगस्त को मामला दर्ज करवाया था।



संतोषी माता मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

पर अनुसंधान करते हुए गाडोलिया बस्ती केसर खेडी निवासी रतनलाल (30) उर्फ पीरूलाल पुत्र चन्नीलाल कालबेलिया को डिटेन कर पूछताछ की और गिरफ्तार किया।

उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में चोरी किया गया माल आरोपी के घर से बरामद किया गया है। मामले की जांच जारी है। एक महीने पहले जेल से जमानत पर आरोपी बाहर आया था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रतनलाल उर्फ पीरूलाल ने साल 2019 में गांव रूपा खेड़ी में रात में घर में सोई हुई महिला के साथ मारपीट कर लूट के लिए हत्या की थी। वह इस मामले में गिरफ्तार होकर जेल गया था और लगातार पांच साल तक जेल में रहा। एक महीने पहले ही रतनलाल उर्फ चन्नी लाल जेल से जमानत लेकर बाहर आया था, और आते ही उसने संतोषी माता के मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# पर्यूषण आत्म सिंहावलोकन का पर्व : साध्वी डॉ परमप्रभा

**राजसमंद, (निसं)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली के तत्वावधान में प्रज्ञा विहार में रविवार को पर्यूषण आराधना के क्रम में साध्वी डॉ परमप्रभा के सानिध्य में प्रथम दिवस खाद्य संयम दिवस रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ महिला मंडल कांकरोली के मंगलाचरण के संगान के साथ हुआ। कार्यक्रम के आरम्भ में साध्वी श्रेयसप्रभा ने अपने विचार रखते हुए पर्यूषण के इन आठ दिनों में धर्म आराधना करने और अपने आप को निर्मल बनाने की प्रेरणा दी। साध्वी डॉ परमप्रभा ने पर्यूषण महापर्व पर करणीय -अकरणीय कार्यों के संबंध में विस्तृत विवेचना करते हुए कहा कि अपनी आत्मा को धोने का और उसे प्रायश्चित के माध्यम से भावित करने का एक मात्र यही अवसर है। इसे यूं ही नहीं गंवाना चाहिए और जप, तप, तेला अठाई की तपस्या के साथ इस पर्व की आराधना करनी चाहिए। इससे पूर्व तेरापंथी सभा अध्यक्ष लाभचंद बोहरा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। मेवाड तेरापंथ कान्फ्रेंस अध्यक्ष राजकुमार फतावत ने कहा कि तेरापंथ के आचार्यश्री महाश्रमण को मेवाड की पुण्य धरा पर पगल्ये कराने का निवेदन करने के संकल्प की अनुपालना में 21 बसें सूरत गुरु चरणों में ले जाने के संकल्प की अभिपूर्ति में मेवाड के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रा करते हुए आज कांकरोली आएं हैं।

## सीमेंट की बेंच लगाई

**डूंगरपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता स्व. दिनेश गौतम से.नि. परिचालक रोडवेज की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति मे सार्वजनिक स्थलों पर सीमेंट की बेंच लगवाई गई। इस अवसर पर माताजी मंदिर शिवाजी नगर, नया महादेव, परशुरामजी मंदिर एवं रोडवेज बस स्टैंड पर 1० सीमेंट की बेंच लगवाई गई। इस अवसर पर अमृत कलसुआ सभापति, आरएसएस पदाधिकारी वाईके शर्मा, पूर्व पार्षद राजकुमारी प्रजापत, भारत विकास परिषद से मांगीलाल, करून ननोमा, रमेश शर्मा, सुमित दर्जी, आकाश और रोडवेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# विधायक माहेश्वरी ने पूर्व सभापति कुमावत की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उदयपुर के पूर्व सभापति एवं कुमावत क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युधिष्ठिर कुमावत की धर्मपत्नी सुंदरदेवी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि व्यक्त की। उनका असामयिक एवं आकस्मिक निधन पूरे परिवार के लिए गंभीर क्षति है। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की सद्गति के लिए कामना की। विधायक ने युधिष्ठिर कुमावत और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और इस दुखद समय में धैर्य एवं साहस बनाए रखने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि सुंदरदेवी कुमावत के निधन से समाज ने एक आदर्श और स्नेही व्यक्तित्व को खो दिया है जिसकी कमी को पूरा करना कठिन है।



उदयपुर के पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत की धर्मपत्नी सुंदरदेवी के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि व्यक्त करती विधायक दीप्ति माहेश्वरी।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भाजपा के मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जमात के दलों के इतिहास को देखें तो उन्होंने जातिवाद, क्षेत्रवाद और वंशवाद को बढावा दिया। वोट बैंक की राजनीति उनकी नीतियों को प्रभावित करती रही। यह पार्टियां जम्मू कश्मीर के एकीकरण का विरोध कर रही है। वक्फ बोर्ड कानून में सुधारों का विरोध कर रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए जा रहे घोर अत्याचारों का मूक समर्थन कर रही है। भाजपा के लिए राष्ट्रहित की सबसे बडी राजनीति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में सरकार बनाने के बाद राजनीति की संस्कृति को पूरी तरह से बदल दिया है। राष्ट्रवाद, सुधारवाद और विकासवाद अब राजनीति की आधार धुरी बन गई है। कांग्रेस जमात ने अपने शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा को बढावा दिया।

सार-समाचार

## दो ट्रक चारा किया भेंट



**सलूंबर, (निसं)।** सलूंबर नगर की नगर परिषद व आमजन द्वारा संचालित एक मात्र गॉशाला में नगर की समाज सेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल व संस्था के जन हित कार्य से प्रेरित होकर जीव दया प्रेमी व समाज सेवी दिनेश कुमार भगवानलाल रायकिया दोनों ही की तरफ़ से एक-एक ट्रक सूखा चारा नगर परिषद के सभापति प्रधुम्न कोड़िया की उपस्थिति में गॉशाला में भेंट करने की गोशणा की। महावीर इंटरनेशनल अध्यक्ष ललित कुमार भूता ने बताया कि संस्था की तरफ़ से निरंतर हो रहे जनहित कार्य से प्रेरित होकर कई भामाशाह स्वत: आगे आकर सहयोग कर रहे है इसी को देखते हुए ज्योति स्टोन के प्रोपाइटर दिनेश कुमार रायकिया ने एक ट्रक सूखा चारा और महावीर इंटरनेशनल के 8 दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत मय ट्रीगार्ड के साथ नीम, पीपल, अमरूद, बरगद, आम आदि ऐसे छायादार 30 वृक्षो का पोधारोपण गॉशाला में किया और संस्था द्वारा ज़िला चिकित्सालय में इलाज हेतु भर्ती मरीजो के लिए संचालित नि:शुल्क भोजनशाला में समाजसेवी अशोक कुमार ढालावत ने भी एक माह का भोजन देने की स्वीकृति प्रदान की। गोशाला में चारे की ज़रूरत को देखते हुए सभापति के एक निवेदन पर ही संस्था और समाजसेवी दिनेश कुमार जैन ने तत्काल 2 ट्रक चारा भेंट कर दिया । गॉशाला में उपस्थित संस्था के सदस्य को सभापति प्रधुम्न कोड़िया ने धन्यवाद देते हुए कहा कि संस्था के इस पुनीत सहयोग की पूरा नगर परिषद परिवार आपका धन्यवाद ज्ञापित करता है व आगे भी ज़रूरत अनुसार सहयोग की अपेक्षा रखता है इस मोके पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष वीर गजेंद्र शाह, वीर चेतन जैन, सचिव वीर मणिलाल मालवी, कोषाध्यक्ष वीर डॉ. अमरचंद जैन, वीर दिनेशचंद्र ढालावत, वीर पं. सुरेंद्र जैन, वीर सूरजमल, वीर बदामीलाल सिंघवि, वीर महेंद्र रूपावत, वीर विनोद सिंघवि, पूर्व युवा अध्यक्ष वीर जय प्रकाश शाह, अध्यक्ष वीर डॉ. कुंदन जैन, वीर कल्पेश पारडिया आदि उपस्थित थे।

## बैठक आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना की जिला कार्यकारिणी की बैठक डूंगरपुर कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक महेंद्र डांगी ने की। प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल नेजपुर ने बताया कि देशभर में पटेल पाटीदार डांगी समाज को एकजुट करेंगे। राजस्थान के विविध जिलों में 31 अक्टूबर सरदार पटेल जयंती पर रैली का आयोजन किया जाएगा। सरदार पटेल जयंती पर राष्ट ीय अवकाश घोषित करने व ओबीसी आरक्षण को लेकर पटेल पाटीदार डांगी समाज के प्रत्येक गांव में बैठकों का आयोजन होगा। जिलाध्यक्ष मनोज पाटीदार ने कहा कि महारैली में समाज के प्रत्येक गांव के प्रत्येक सदस्य को समाज की ओर आमंत्रण हैं। पार्षद डायालाल पाटीदार ने महारैली को लेकर आमंत्रण पत्र व रूट चार्ट बनाने की जानकारी दी। प्रदेश के संयोजक महेंद्र डांगी ने कहा कि समाज के युवाओं में जोश है, महारैली को लेकर जागरूकता के विविध कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समाज के युवाओं को राजनीतिक क्षेत्र में, व्यापार के क्षेत्र में व शिक्षा के क्षेत्र में आगे लाने को लेकर सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रेमशंकर पाटीदार वाडा हथाई, संगठन मंत्री ईश्वरलाल सालमपुरा, प्रचारक सरपंच कमलेश पाटीदार मनपुर, सचिव रामजी पाटीदार इंदौडा, कोषाध्यक्ष वल्लभराम पाटीदार मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रमेश टाटिया ने दी।

## सम्मान समारोह आयोजित

**राजसमंद, (निसं)।** शहर प्रज्ञा विहार कांकरोली में साध्वी डॉ परमयप्रभा के सानिध्य में तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम राजसमंद का मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। इसके बाद टीपीएफ गीत का मधुर संगान टीपीएफ के सभी सदस्यों ने किया। टीपीएफ एनईसी मेम्बर एवं फेमिना विंग की सदस्य डॉ सुमन बडोला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा टीपीएफ के विभिन्न प्रकल्पो के बारे में बताया। समारोह में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले तथा वर्ष भर में प्रोफेशनल डिग्री पाने वालों को सम्मानित किया गया। डॉ सुमन बडोला ने टीपीएफ की स्थापना से लेकर अभी तक किए गए कार्यों का इतिहास बताया तथा आगामी पीढी को धर्म संघ से जुडकर करियर के साथ आध्यात्मिक विकास की ओर जुडने की ओर प्रेरित किया। इस दौरान साध्वी डॉ परमप्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीपीएफ एक अलौकिक अवदान है जिनके पास हर वक्त रहती मुस्कान है। मेधावी छात्रों का प्रज्ञा विहार में आज हो रहा सम्मान है। जिले के कुल 27 मेधावी छात्रों एवं प्रोफेशनल डिग्री पाने वालों का सम्मान किया गया।

## कार्यशाला आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** मंथन स्पेस स्टूडियो के तत्वाधान में बच्चो पर मोबाइल के कारण बढते दुष्प्रभावों को लेकर अभिभावक और बच्चो की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रारंभ में डिजिटल डूंगरपुर के उद्घोषक राजेंद्र सिंह चौहान ने बच्चो में मोबाइल के एडिक्शन बढने के कारण और इससे कैसे कम किया? इसके बारे में जानकारी दी जाएं।

# सकल दिगम्बर जैन समाज ने खोडनिया को 'जैन समाज गौरव' अलंकरण से नवाजा

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास हिरण मगरी सेक्टर 14 स्थित गमेर बाग धाम में श्री दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट एवं सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में गणधराचार्य कुंथुसागर गुरुदेव के शिष्य बालयोगी मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष कीर्ति महाराज, क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज के सान्निध्य में चल रहे चातुर्मास के तहत ररिवार को क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज का केशलोच कार्यक्रम भक्ति गीतों की गूंज के साथ सम्पन्न हुआ।

सकल दिगम्बर जैन समाज के

■ गुरुदेव के जयकारों से गूंज उठा गेमर बाग धाम, उमड़े हजारों श्रावक-श्राविकाएं

अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत व महामंत्री सुरेश पद्मावत ने संयुक्त रूप बताया कि रविवार 1 सितम्बर प्रात: 8.30 बजे क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज का केशलोच कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हुआ। महाराज के प्रथम केश झलने का पुण्र्याजक सागवाड़ा के समाज सेवी दिनेश खाडनिया परिवार को प्राप्त हुआ। इस दौरान विभिन्न भक्ति गीतों पर भाव-विभौर होते हुए गुरु भक्ति में झुमते हुए आराधना की।

चातुर्मास समिति के महावीर देवड़ा व पुष्कर भदावत ने बताया कि केशलोचन कार्यक्रम में दौरान सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, सुरेश पद्मावत, महावीर देवड़ा, पुष्कर भदावत, भंवरलाल गदावत, मुकेश मुण्डयिा, दिनेश वेलावत, कमलेश वेलावत, रोशनलाल देवड़ा, कांतलाल देवड़ा, विजयलाल वेलावत, राजकुमार चित्तौड़ा, सेठ शांतिलाल गदावत, विमल कुमार गदावत, फतहलाल मुण्डलिया, हेमेन्द्र वेलावत ने सागवाड़ा के समाजसेवी एवं 18 हजार दशा हुमड़ दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया को मेवाड़ी पगडी, शॉल, उपरणा व प्रशस्ति पत्र देकर 'जैन समाज गौरव' अलंकरण से सम्मानित किया। खोडनिया को यह सम्मान संभाग में 49 समाजों को राज्य सरकार की ओर से रियायती दरों पर भूखण्ड प्रदान कराने पर सकल दिगम्बर जैन समाज उदयपुर एवं गमेरलाल पूंजी बाई वेलावत चेरिटेबल ट्रस्ट व सकल दिगम्बर जैन दशा नागदा समाज चेरिटेबल ट्रस्ट गमेर बाग की ओर से प्रदान किया गया। अतिथियो के दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। धर्मसभा के पूर्व शंतिधारा, अभिषेक, शास्त्र भेंट, चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन जैसे मांगलिक आयोजन हुए। इस अवसर पर खोडनिया ने अपने उद्बोधन में कहां कि शांतिलाल वेलावत जो सदैव समाज का कोई भी कार्य हो शांति से करते है तथा वेल की भांति सदैव बढ़ते रहत है। वे हमेशा धर्म एवं अपने समाज के लिए कुछ न कुछ करते रहते। उन्होने कहां कि उदयपुर में सकल जैन समाज का एक बड़ा शिक्षण संस्थान होना चाहिए।





गमेर बाग धाम में श्रावक-श्राविकाओं की मौजूदगी में क्षुलक सुप्रभात सागर महाराज का केशलोचन हुआ।

## राज भोई समाज की मासिक बैठक 9 को

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजभोई समाज की मासिक बैठक रविवार को भोईवाडा के नोहरे में समाजध्यक्ष राजेश राठौड की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी पर्व और त्यौहारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में 9 सितंबर को भोईवाडा मोहल्ले के निलकंठ महादेव मंदिर ने निकाली जाने वाली अंबाजी पदयात्रा को लेकर रूप रेखा तैयार की गई।

समाज अध्यक्ष राठौड ने बताया कि 9 सितंबर को सुबह 9 बजे महादेव मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद समाज के 6० युवाओं को जत्था गुजरात शक्तिपीठ मंदिर अंबाजी के लिए रवाना होगा। अंबाजी पदयात्रा को लेकर समाज के युवाओं के द्वारा पिछले कई दिनों से दिन रात तैयारी की जा रही है। समाज के युवाओं के द्वारा 1०1 फीट लंबी धर्मपताका तैयार की गई जो अंबाजी मंदिर पर चढाई जाएगी। युवाओं द्वारा आंबाजी की रथ भी तैयार कर विशेष साज सजावट की गई है। सुबह 9 बजे मंदिर पूजा अर्चना करने बाद 6० पदायात्रियों जत्थों मंदिर परिसर से तहसील चौराह तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में बडी संख्या में भोई समाज के साथ सनातन धर्म के लोगों भी शामिल होगे। भोईवाडा से मोचीबाजार होते हुए तहसील चौराह तक जाएगी। यहां से पदायात्रियों को आगे की यात्रा के लिए विदाई दी जाएगी। बैठक में गणेशत्सव और नवरात्री त्यौहार को लेकर विचार विर्मश कर रूप रेखा तैयार की गई।

# राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



भामाशाहों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट करते किया शिक्षामंत्री दिलावर व टीएडी मंत्री खराड़ी।

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में रविवार को आयोजित राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में प्रदेश भर के विद्यालयों में दान देने वाले 157 भामाशाहों का प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। शिक्षामंत्री दिलावर व टीएडी मंत्री खराडी सहित अन्य ने भामाशाहों को शिक्षा विभूषण, शिक्षा भूषण की उपाधि से नवाजा।

पहली बार राजधानी जयपुर से बाहर उदयपुर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने वर्ष 1995 में भामाशाहों के सम्मान की परिपाठी शुरू की,जो आज भी जारी है। इसके सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। इस वर्ष प्रदेश के विद्यालयों के लिए 140 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का सहयोग भामाशाहों के माध्यम से प्राप्त हुआ। उक्त राशि से विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के साथ ही स्मार्ट क्लासेज संसाधन आदि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने दान का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह कुएं से सिंचाई के लिए पानी निकालने पर कुछ ही घंटो में कुआं वापस भर जाता है, इसी प्रकार धन को सद्कर्म में लगाने से दुगुने लाभ की प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि दूसरों की पीढी समझने वाला कभी साधारण नहीं हो सकता। शिक्षा के लिए दान देने वाले सभी भामाशाह देवतुल्य हैं, जो बच्चों की पढाई में आने वाली पीढी को समझते हुए उनके लिए सुविधाएं जुटाने सहयोग करते हैं। प्रारंभ में शिक्षा मंत्री ने मेवाड की वीर प्रसूता भूमि को प्रणाम करते हुए महाराणा प्रताप और भामाशाह का स्मरण किया। साथ ही उन्होंने राणा पूंजा वीरबाला कालीबाई और गोविन्दगुरू को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान महापुरुषों, त्याग, तपस्या, शौर्य और वीरता की और भामाशाह की परंपरा वाली धरती है। शिक्षामंत्री दिलावर ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया।